### एक नजर में

## सिंघाना खंड का पथ संचलन निकला

**सिघाना** – राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर विजयदशमी






पर्व का शताब्दी वर्ष मनाते हुए सिंघाना खंड का पंथ संचलन सिंघाना में निकला कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर भूतल राठौर जिलासंचालक राजेंद्र पाटीदार तहसील खंड प्रचारक निखिल जी साधव मंचासीन रहे कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के पूजन शस्त्र पूजन संघ के संस्थापक डॉ केशव बलिराम जी हेडगेवार गोलवरकरजी गुरु जी के चित्र पर पूजन और माल्यार्पण किया गया इस पथ संचलन में स्वयंसेवक को प्रेरणादाई विचार व्यक्त करते हुए कहाकि संगठित परिवार से सशक्त समाज का निर्माण होता है खंड प्रचारक निखिल साधव कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 100 वर्षों में आज संघ शताब्दी वर्ष मान रहा है आपने पंच परिवर्तन, कुटुंब प्रबोधन सामाजिक समरसता एवं नागरिक अनुशासन वषय पर अपने विचार व्यक्त किये.. अपने प्रेरणादाई उद्बोधन में कहा कि आज संघ वटवृक्ष बन चुका है कहीं स्वयंसेवकों ने अपना जीवन समर्पण किया बड़ा ही सौभाग्य का विषय है 1948 में सिंघाना में पहली संघ शाखा लगी जिसका परिणाम है कि हम आज यहां इस पंथ संचलन में सम्मिलित हुए आपने क्षेत्र के निवास रत वरिष्ठ वरिष्ठ प्रचारक स्वर्गीय हरीभऊ वाकणकर, स्वर्गीय आसाराम बा सोलंकी ,स्वर्गीय चंद्रावल्लभ शर्मा, संघ प्रचारक स्वर्गीय द्वारकानाथ जी योगी , घनश्याम दास दीक्षित. नवल किशोर शर्मा .अन्य प्रचारकों के जीवन अपनी मातृभूमि और राष्ट्र के लिए समर्पित जीवन का वृतांत बताते हुए संघ शताब्दी वर्ष 100 वर्ष के संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संघ ने निरंतर संघर्ष जारी रखा और अपने अपने लक्ष्य के प्रति कार्य करते हुए आज तक निरंतर साधना जारी है आज संघ हर गांव में कार्य कर रहा है संघ पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति हिंदू तक पहुंचे यही साधना जारी है संघ का प्रत्येक स्वयंसेवक राष्ट्र हित और सामाजिक में कार्य कर रहा है शताब्दी वर्ष में पांच परिवर्तन को लेकर समाज में सामाजिक समरसता का भाव जगह कुटुंब प्रधान में भारतीय परिवार व्यवस्था स्थापित हो पर्यावरण शास्त्र हो नागरिक कर्तव्य का बहुत व्यवस्था स्थापित हो स्व स्वदेशी जागरण हो यही उद्देश्य लेकर चल रहा है बौद्धिक के पश्चात घोष की धुन पर कदमताल करते हुए पूर्ण अनुशासन के साथ संघ का पथ संचलन अंबिका हाई स्कूल से प्रारंभ हुआ नगर के विभिन्न मार्गो से निकला जगह-जगह सामाजिक संगठन राजनीतिक संगठन एवं समाज सेवकों मंच , नगर में हिन्दू समाज द्वारा जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया....

## अंतरराष्ट्रीय कांक्लेव में विख्यात शिल्पी मोइनुद्दीन खत्री ने विदेशी पर्यटकों को दिखाया बाग प्रिंट

**बाग** – भोपाल स्थित मिंटो हॉल में मध्य प्रदेश सरकार के पर्यटन विभाग एमपी टूरिज्म का महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय फेस्टिवल मध्य प्रदेश ट्रैवल मार्ट



2025 का आयोजन हुआ जिसका शुभारंभ माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने किया। इस कार्यक्रम में देश और दुनिया के कई हजार प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया । मध्य प्रदेश के विश्व प्रसिद्ध कलाकार व डिजाइनर मोइनुद्दीन खत्री ने अपनी प्रिंट कला के महीन और नवाचारीत कार्य को भोपाल के इस इंटरनेशनल फेस्टिवल मे प्रदर्शित कीया ।एवं मोइनुद्दीन खत्री ने कई विदेशी खरीदारों से ब्2ब्मीटिंग कर बाग प्रिंट के निर्यात संबंधी अवसरों पर विचार विमर्श किया ।इस अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी का आयोजन भोपाल शहर में 11 से 13 अक्टूबर 2025 तक किया गया है ।मध्य प्रदेश सरकार के टूरिज्म विभाग द्वारा आयोजित इस खास कार्यक्रम मैं मध्य प्रदेश के पर्यटक स्थलों और पारंपरिक कलाओं को बढ़ावा देने के लिए आयोजन किया गया , 3 दिवसीय होने वाले इस खास महोत्सव मे पुरे मध्यप्रदेश से पांच शिल्प के कलाकारो को आमंत्रित किया गया, जिसमें बाग के कलाकार एवं डिजाइनर मोइनुद्दीन खत्री को भी न्यौता मिला ।जहां उन्होंने अपने बाग प्रिंट की जानकारी से वहा के लोगों को अवगत कराया और प्रक्रिया में इस्तेमाल होने वाले फल-फूल जड़ी- बूटी और इनसे बनने वाले नेचुरल कलर साथ ही लकड़ी के छापे भी दिखाए।उनके पिताजी मुबारीक खत्री भी हमेशा बाग प्रिंट को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पटल पर ख्याति दिलाई है और मशहूर किया है । मुबारीक खत्री बाग प्रिंट के वह ख्याति प्राप्त शख्सियत है जिन्हें पूर्व में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है ।खत्री और इनका परिवार पिछले कई वर्षों से इस शिल्प कला में कार्य कर रहे हैं। बाग प्रिंट के सिल्क स्टॉल , स्कार्फ देश विदेश में खूब प्रचलित है जो खत्री ने विदेशी पर्यटकों को दिखाए और पर्यटकों का मन लुभाया ।पूर्व में भी मोइनुद्दीन खत्री ने कई राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों में प्रस्तुत कीया है, जैसे- इंडोनेशिया, वियतनाम, किर्गिस्तान आदि जगह पर प्रदर्शित किया है ।खत्री का पूरा परिवार कई पीढ़ीयो से इस शिल्प कला के संयोजन में लगा हुआ है एवं निरंतर कार्य कर रहे है ।

## रंगाराखेडी नागदा का 40 वां सामूहिक विवाह सम्मेलन 20 अप्रेल को होगा संपन्न



**नागदा।*** रविवार को महाराणा प्रताप राजपूत धर्मशाला रंगाराखेड़ी नागदा के 40 वे सामूहिक विवाह सम्मेलन की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सामूहिक विवाह समिति के अध्यक्ष कमल सिंह पटेल कानवन ने की। प्रारम्भ में समाज के सभी वरिष्ठजनों ने माँ सरस्वती एवं प्रभु श्रीराम सीताजी के तश्वीर की पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलन कर विधिवत बैठक की शुरुआत की। 40 वे विवाह समारोह के लिए आयोजित बैठक में वरिष्ठजनों की आपसी सलाह व मन्त्रणा एवं सम्मेलन आचार्य पं. हेमंत गोपालकृष्ण शास्त्री के सान्निध्य में 20 अप्रेल 2026 को गोधूलि बेला सूर्यास्त समय के लग्न में विवाह सम्पन्न होना तय किया गया। इस वर्ष रात्रि में लग्न मुहूर्त नहीं होने पर गोधूलि लग्न मे सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। सामूहिक विवाह सम्मेलन में वर वधु पक्ष को 20 अप्रैल को दोपहर में ही महाराणा प्रताप धर्मशाला परिसर नागदा में उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

# फोरलेन पर सर्विस रोड नहीं, ग्रामीणों को रोज जान जोखिम में डालकर करना पड़ता है सफर

**बदनावर** । ग्राम पिटगारा के पास बनी फोरलेन सड़क पर सर्विस रोड नहीं होने से ग्रामीणों को रोजाना भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव से खेत, स्कूल, अस्पताल और बाजार तक पहुंचने के लिए लोगों को मुख्य मार्ग पार करना पड़ता है, जहां हर समय बड़े-बड़े वाहन तेज रफ्तार से गुजरते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बिना सर्विस रोड के वे मजबूरी में रांग साइड से निकलते हैं, जिससे हर दिन खतरा बना रहता है। महाकाल ग्रुप के अध्यक्ष गोविंद सिंह पंवार और ग्रामीण दीपेंद्र सिंह पंवार ने बताया कि सड़क निर्माण के दौरान गांव की जरूरतों को नजरअंदाज कर दिया गया। उन्होंने कहा कि यह मार्ग क्षेत्र का मुख्य



संपर्क मार्ग है, लेकिन पैदल चलने और दोपहिया वाहनों के लिए कोई सुरक्षित रास्ता नहीं छोड़ा गया। बरसात के दिनों में सड़क किनारे पानी भरने से चलना और भी कठिन हो जाता है। कई बार बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग सड़क पार करते समय फिसलकर गिर चुके हैं, हालांकि बड़ी दुर्घटनाएं टलती रही हैं, लेकिन खतरा हर पल बना रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि पहले पुराने रास्तों से खेतों तक पहुंच आसान थी, पर फोरलेन बनने के बाद वे मार्ग बंद हो गए। अब लोग अपनी जान जोखिम में डालकर ही खेतों तक जा पाते हैं। किसानों को भी बड़ी समस्या का सामना करना पड़ता है क्योंकि उन्हें लंबा चक्कर लगाकर खेतों तक पहुंचना पड़ता है। गोविंद सिंह पंवार ने कहा कि क्षेत्र की स्थिति देखकर यहां सर्विस रोड बनाना बहुत जरूरी है, ताकि लोगों को सुरक्षित मार्ग मिल सके। दीपेंद्र सिंह पंवार ने बताया कि गांव के बच्चों को स्कूल भेजने में डर लगता है और महिलाएं भी सड़क पार करने से घबराती हैं। पिटगारा



सरपंच अखिलेश प्रताप सिंह पंवार ने बताया कि उन्होंने इस समस्या को लेकर एमपीआरडीसी को आवेदन दिया था, लेकिन अब तक किसी भी तरह की सुनवाई या कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने कहा कि फोरलेन सड़क तो चौड़ी बन गई, पर अगर उस पर चलना ही मुश्किल हो जाए तो इसका फायदा क्या। बरसात के समय पानी जमा होने से धूल, कीचड़ और फिसलन बढ़ जाती है, जिससे वाहन नियंत्रित करना कठिन हो जाता है। ग्रामीणों ने कहा कि अगर जल्द सर्विस रोड नहीं बनाई गई, तो यहां किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने मांग की है कि जल्द से जल्द सर्विस रोड का निर्माण कराया जाए ताकि गांव के लोगों का आवागमन सुरक्षित हो सके और बच्चे, महिलाएं व बुजुर्ग बिना डर के अपने काम पर जा सकें। सभी का कहना है कि असली विकास वही है जिससे लोगों को सुविधा मिले, केवल चौड़ी सड़क बना देना काफी नहीं है। फोरलेन के साथ सर्विस रोड बनने से गांव के लोगों की पुरानी परेशानी खत्म होगी और आवागमन सुगम हो सकेगा।

## सोयाबीन की समर्थन मूल्य पर खरीदी क्यों नही कर रही सरकार : विधायक ग्रेवाल

### केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की सदबुद्धि के लिए कांग्रेस ने किया यज्ञ का आयोजन

**सरदारपुर** । भाजपा की केन्द्र एवं प्रदेश की डबल इंजन सरकार की सद्बुध्दि के लिए कांग्रेस ने सोमवार को सरदारपुर में जनपद पंचायत के पास सद्बुध्दि यज्ञ का आयोजन किया गया। विधायक प्रताप ग्रेवाल सहित कांग्रेस पदाधिकारियों एवं किसानों ने यज्ञ में आहुती देकर किसानो के हित में , केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान, प्रदेश के कृषि मंत्री एंदलसिंह कंसाना की सद्बुध्दि की कामना की। विधायक प्रताप ग्रेवाल ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा सोयाबीन का समर्थन मूल्य 5328 रूपये क्विंटल तय किया गया है लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा सोयाबीन की समर्थन मूल्य पर खरीदी क्यो नही की जा रही है।



प्रदेश के मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री भावांतर योजना पर अलग-अलग बयान दे रहे है इसके पहले भी वर्ष 2017-18 मे सोयाबीन पर 500 रूपये का भावांतर सरकार ने प्रदान नही किया, पूर्व मे लहसून-प्याज की भावांतर राशि किसानो को नही मिली लेकिन इस बार फिर से भाजपा की डबल इंजन सरकार द्वारा किसानो को भावान्तर योजना के भंवर मे उलझाया जा रहा है साथ ही नष्ट फसलो का उचित फसल बीमा एवं मुआवजा प्रदान क्यो नही किया जा रहा है, किसानो को पर्याप्त मात्रा मे खाद उपलब्ध क्यो नही हो रहा है, नकली खाद, बीज, दवाई बनाने वाली कंपनियो पर उचित कार्रवाई क्यो नही हो रही है इसलिए यह सद्बुध्दि यज्ञ का आयोजन किया गया है।

यज्ञ पूर्णाहुति कार्य पण्डित प्रदीप मिश्रा के सानिध्य मे संपन्न हुआ। इस दौरान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रतनलाल पडियार, मोहनलाल मुकाती, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधी सुरेन्द्रसिंह पटेल, सरपंच संघ अध्यक्ष मयाराम मेडा, राजेन्द्र लोहार, शंकरदास बैरागी, भेरूसिंह बडगोता, दिनेश चौधरी, भानुप्रतापसिंह, कालुराम पाटीदार, बाबुसिंह राजपूत, राधेश्याम जाट, प्रभु जाट, सरफराज कुरैशी, मोहन लछेटा, केकडिया डामोर, मुकेश तुफान, अर्जुन गेहलोत, अम्बर गर्ग, मोहित जाट, चेतन जाट, श्रीकांत पटेल, गोपाल पटेल, मनोज पाटीदार, राहुल शर्मा, सरदार डामर, जुवानसिंह जामनिया, पीडु मोहनिया, गोपाल डामर, जितेन्द्र सिंगार, आत्माराम सिंगार, बाबुलाल मेडा, दलपत पाल, कोदरसिंह पटेल, राजेश गुण्डिया, भारत सिंगार आदि उपस्थित रहे।



## लुटेरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### लूटी गई मोटरसाइकिल जब्त

**सरदारपुर** । चौकी रिंगनोद थाना सरदारपुर पुलिस ने लूट के प्रकरण में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए 3आरोपीयों को गिरफ्तार किया है।उनके कब्जे से लूट की मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन एवं घटनामें प्रयुक्त केटीएम मोटरसाइकिल बरामद की गई।

11 को अक्टूबर फरियादी भोलाराम पिता सीताराम मेड़ा जातिभील उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम फुलेडी थाना कानवन ने हमराह विश्वास पिता सार्वरिया गिरवाल जातिभील निवासी ग्राम फुलेडी के हाजिर थाना आकर रिपोर्ट किया कि मैं अपने दोस्त विश्वास के साथ मेरीमोटर सायकल से मेरे गांव फूलेडी के लिये लोट रहे थे कि जेसे ही हम शाम करीबन 07.00 बजे रिगनोदटोल टेक्स क्रास करने के बाद पुलिया के पास पहंचे कि पीछे से एक लाल सफेद रंग की केटिएम मोटरसाईकिल व एक हिरो स्पलेण्डर मोटर साईकिल दोनों पर चार से पांच व्यकि आये व मेरी मोटरसाईकिल को रुकवाया मैनें जेसे ही मोटर साईकिल रोकी तो दोनों मोटर साईकिल से चार पांच व्यक्तिउतरे व एक ने मेरी मोटर साईकिल की चाबी निकाली व बाकी लोगों ने मुझे व मेरे दोस्त विश्वास केसाथ थापड़ मुक्कों से मारपीट करने लगे व हमे कहने लगे कि तुम्हारे पास जो भी हैं हमें निकाल कर देदो फिर उनमें से एक व्यक्ति ने मेरी पेट की जेब से 35000/- रुपये छीन लिये तथा मेरे दोस्त विश्वास कीजेब से ओप्पो कम्पनी का मोबाईल छीन लिया व मेरी हिरो होण्डा मोटर साईकिल क्रमांक स्क्क-09-ह॥-3193 को छीन कर वापस टाण्डा तरफ भाग गये। उक्त घटना की गंभीरता को देखते हये पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के निर्देशन में, अतिरिक्तपलिस अधीक्षक श्रीमती पारूल बेलापुरकर एवं एसडीओपी सरदारपुर विश्वदीप सिंह परिहार केमार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी रोहित कछावा के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया।



## उत्साह के साथ निकला राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी कार्य वर्ष का पथसंचलन

**बाकानेर.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर स्वयंसेवक संघशताब्दी कार्यवर्ष मना रहे है। विजयादशमी उत्सव के निमित्त पथसंचलन रविवार को नगर में निकाला गया। पथ संचलन का नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर अनेक स्थानों पर स्वागत किया। पथ संचलन जैनको गार्डन बाकानेर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए पुन: उसी स्थान पर पहुंचा। इसके पूर्व बौद्धिक कार्यक्रम में मंच पर मुख्य अतिथि श्री विजयपाल सिंह डोडिया धार विभाग धर्म जागरण प्रमुख , विशेष अतिथि श्री संतोष जी वर्मा ,खंड संघचालक आशीष जी गंगवाल उपस्थित थे मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विजयपाल सिंह डोडियार ने स्वयंसेवको को संबोधित करते हुए कहा की हम सौभाग्यशाली स्वयंसेवक हैं जो संघ का शताब्दी वर्ष देख रहे है। और यह अवसर हमें हमारे पुरोधा रहे स्वयंसेवको के परिश्रम से मिला है। एक समय ऐसा था जब हिंदुत्व के भाव मे कमी आई और हम पर विदेशी आक्रांताओं ने राज किया। जब 1921में डॉ हेडगेवारजी को जेल हुई तब उन्होंने चिंतन किया और पाया कि हमारे समाज में ही विकृत्ति आ गई हैं और उसे दूर करने और हिन्दू समाज को संगठित करने हेतु 1925 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की। तब लोगों ने उनका उपहास भी किया।लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी निरन्तर संघ कार्य करते हुए समाज जागरण का कार्य किया।नतीजा यह हुआ कि संघ की एक घंटे की शाखा से व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण का कार्य ब?ता गया।

हमें भारत को पुन: अखण्ड राष्ट्र बनाना है तो शक्ति की आराधना आवश्यक है। उन्होंने संघ की सौ वर्षों की यात्रा के बारे में बताते हुए कहा 1925 से 1940 तक सारे आन्दोलन इस कालखंड में अपने चरम पर थे। ऐसे समय में डॉ केशव बलीराम हेडगेवारजी ने संत-महन्त व समाज को संगठित करना तथा प्राप्त स्वतंत्रता को स्थायित्व देना। इस हेतु क्रांतिकारी व राष्ट्रवादियों के सतत् संपर्क में रहे ओर संघ को 1925 में अपने घर से संघ की स्थापना कर 17 बालकों के सह घोष से संघ प्रारंभ किया।

सन 1928 में संघ का नामकरण हुआ। इस बीच वर्धा के वर्ग में गांधी जी भी आए व संघ कार्य से प्रभावित हुए।

विजयादशमी ही संघ स्थापना का एक पवित्र कालखंड है। इसलिए स्वयंसेवक विजयादशमी उत्सव मनाते आ रहे हैं। डॉ साहब के बाद श्री गुरु जी संघचालक बने।अँग्रेजो द्वारा भी संघ पर प्रतिबंध लगाया था।

### संघ की आगामी कार्य योजना पंच परिवर्तन

संघ की आगामी कार्य योजना को विस्तार से बताते हुए श्री डोडियार जी ने कहा कि अपने देश को सम्पन्न बनाने के लिए हमे प्रथम स्व के भाव का जागरण करना,दूसरा नागरिक शिष्टाचार का पालन करना, तीसरा कुटुंब व्यवस्था को सम्भालकर रखना और परिवार में मंगल सभा करना। चौथा सामाजिक समरसता का पालन करना और पाँचवा पर्यावरण संरक्षण इन पाँच बिंदुओं पर कार्य कर हमें अपने राष्ट्र को सम्पन्न बनाना है। नगर के प्रमुख मार्गों पर मातृशक्ति व समाज बंधुओं ने संचलन में सम्मिलित स्वयंसेवको का पुष्पवर्षा व जय घोष के साथ अभिनंदन किया। बौद्धिक पश्चात सभी स्वयंसेवक वाहिनिश: घोष की धुन पर कदमताल करते हुए नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए पुन: जिनको गार्डन कार्यक्रम में एकल गीत अमृत वचन व प्रार्थना हुई साथ ही कार्यक्रम महापुरुषों के चित्रों की प्रदर्शनी एवं सुंदर रंगोली प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रही।


